(c) Pay of other ranks was fixed having regard to the fact that for the greater part of their service separation from the family would be normal. In view of this, no separation allowance has been granted to them. separation from families is not a regular feature for all the Service Officers and as such separation factor was not taken into account while laying down their pay scales. The other factor is that the ORs, while serving in concessional areas, get a special compensatory allowance in addition to their normal pay and allowances and other concessions. Service Officers are not eligible for this special compensatory allowance.

भारत में उत्तर कोरिया के वाणिज्य दूतावास की प्रवांछनीय गतिविधियां

846. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नई दिल्ली स्थित उत्तर कोरिया के वाणिज्य दूतावास ने मार्च तथा अप्रैल, 1971 के दौरान अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम के भाग के रूप में छापामार युद्ध सम्बन्धी चलचित्रों का प्रदर्शन किया था ;

(ख) क्या उक्त वाणिज्य-दूतावास ने गत वर्ष तथा इस वर्ष राजनैतिक प्रचार पर अपने सीमित संसाधनों से कहीं अधिक धन भी खर्च किया है ;

(ग) क्या सरकार इन गतिविधियों को प्रवांछनीय तथा आपत्तिजनक समझती है ; और

(घ) इस बारे में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

विदेश मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री सुरेन्द्र-पाल सिंह) : (क) से (घ). कोरियाई लोक गणतंत्र के प्रधान कौंसल ने फरवरी तथा मार्च 1971 में कुछ रूपक चित्र प्रदर्शित किये जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ अमरीकी सेना के विरूद्ध उत्तरी कोरिया द्वारा गोरिल्ला युद्ध के दृश्य दिखाये गए थे। प्रधान कौंसल ने कुछ विज्ञापन भी दिये जिनमें उनके राज्याध्यक्ष, मार्शल किम द्वितीय सुंग के वक्तव्य और लेखों को पुनर्प्रस्तुत किया गया था। सरकार यह नहीं कह सकती है कि यह खर्च प्रधान कौंसल के साधनों से अधिक था।

सरकार ने यह अनुभव किया कि उक्त प्रधान कौंसल की कुछ गतिविधियां सामान्य पद्धति के अनुसार नहीं थीं और उन्हें यह बात बता भी दी थी।

उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि उनका भारत के अन्दरूनी मामलों में हस्तक्षेप करने का इरादा नहीं है और वे ऐसे मामलों में निर्धारित राजनयिक परम्परा से आबद्ध रहेंगे।

संसद सदस्यों के बंगलों और फ्लैटों के संधारण पर किया गया व्यय

847. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वित्तीय वर्ष 1968-69, 1969-70 और 1970-71 के अन्तर्गत संसद सदस्यों को दिये गये बंगलों और फ्लैटों के संधारण पर सरकार को कितना व्यय करना पड़ा ;

(ख) संसद सदस्यों को उक्त समयावधि में आवास स्थानों के आवंटन और आवास सम्बन्धी अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के बदले सरकार को किराये के रूप में कितनी धनराशि प्राप्त हुई ; और

(ग) इस शीर्ष के अन्तर्गत कितना व्यय किया जायेगा तथा 1971-72 के दौरान प्राप्त होने वाले सम्भावित किराये की धनराशि कितनी है ?